>

Title: Need to enhance the per-meal rate for students residing in residential Jawahar Navodaya Vidyalayas in the country.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): जवाहर नवोदय विद्यालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रेरणादायी आवासीय विद्यालय है जिसमें अध्ययन करने वाले लगभग 80 प्रतिशत छात्र–छात्राएं ग्रामांचल से आते हैं। खेद का विषय है कि आज जिस प्रकार महंगाई चरम सीमा पर है उस अनुरूप जवाहर नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्रा के लिए प्रतिमाह प्रति छात्र/छात्रा भोजन व्यवस्था हेतु निर्धारित राशि बहुत ही कम है। प्रति छात्र/छात्रा प्रतिमाह भोजन हेतु निर्धारित राशि 920 रूपए है यानि प्रतिदिन प्रति छात्र/छात्रा भोजन हेतु व्यय राशि लगभग 30 रूपया है। आज की महंगाई के दौर में 30 रूपए में एक छात्र/छात्रा एक दिन में एक बार नाश्ता एवं दो वक्त गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करना संभव नहीं है। मेरी मांग है कि जवाहर नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु प्रतिमाह प्रति छात्र/छात्रा निर्धारित राशि 920 रूपए से बढ़ाकर 1500 रूपए या महंगाई के अनुरूप किया जाये तथा भोजन सामग्री को सरकारी दर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये, जिससे विद्यालय में पठन–पाठन कर रहे छात्र–छात्राओं को समुचित पौष्टिक आहार मिल सके।